**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पंतनगर किसान मेले में विश्वविद्यालय के बीजों की बिक्री जारी</u>

पंतनगर विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में आज तीसरे दिन भी किसानों द्वारा विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की खरीद जारी रही। किसानों द्वारा मेले में विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र तथा एटिक स्टालों से प्रथम से तृतीय दिवस के दोपहर तक लगभग 6.50 लाख रूपये के विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 2.30 लाख रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 13.00 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई।



*विश्वविद्यालय के स्टालों से पौधों की खरीदारी करते किसान।*